भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश
प्रादेशिक प्रधान कार्यालयः स्काउट भवन गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ-226006
रजिस्ट्रेशन संख्या एस0 1-9407/1959-1960
E.Mail : upscoutsguides@yahoo.com
फोनः 0522-4323838
Website : www.bsgup.org
मो0नं0-9839392275

पत्रांक आर०जी० 01/ 877 /2024-25 **दिनांकः 12 जुलाई 2024**

सेवा में,

समस्त जिला सचिव
भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र० |

विषय : स्वतन्त्रता दिवस 2024 के वृहद आयोजन के सम्बन्ध में |

महोदय,

आप अवगत हैं कि भारत का स्वतन्त्रता दिवस प्रत्येक वर्ष दिनांक 15 अगस्त को पूरे राष्ट्र में बहुत धूमधाम से आयोजित किया जाता है | स्वतन्त्रता दिवस अर्थात दिनांक 15 अगस्त, भारत के राष्ट्रीय दिवसों की सूची में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है | यह प्रत्येक भारतीय को एक नयी शुरुआत की याद दिलाता है | दिनांक 15 अगस्त 1947 का दिन, समस्त भारतीयों के लिये संघर्षपूर्ण जीवन का अन्त एवं सुनहरे भविष्य के प्रारम्भ का द्योतक था |

भारत के 77वीं स्वतन्त्रता दिवस की थीम **"राष्ट्र पहले, हमेशा पहले"** है जिसे "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत आने वाले कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में आयोजित किया जायेगा |

समस्त जिला संस्थाओं से अनुरोध है कि वह जिला प्रशासन द्वारा आयोजित परेड में कब / बुलबुल, स्काउट/गाइड एवं रोवर/रेंजर को प्रतिभाग करायें | समस्त स्तरों पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, प्रतियोगिताओं का आयोजन/संचालन करें तथा अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को इसमें प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करें | राष्ट्र की आज़ादी के इस अति महत्वपूर्ण दिवस को अत्यन्त ख़ुशी और उत्साह के साथ मनायें तथा राष्ट्र के प्रति राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु नवीन कार्यक्रम आयोजित करें | आपकी सुविधा हेतु उदहारण स्वरुप कुछ गतिविधियाँ / कार्यक्रम निम्नवत हैं :-

(1) ध्वजारोहण
(2) पेन्टिंग तथा ड्राइंग प्रतियोगिता
(3) देशभक्ति गायन
(4) सांस्कृतिक नृत्य
(5) देशभक्ति पोशाक प्रतियोगिता (विभिन्न राज्यों की पोशाकें)
(6) प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता
(7) फ्लैग रिले रेस
(8) टी शर्ट पेन्टिंग
(9) ऐतिहासिक भ्रमण आदि

पृष्ठ 02...

आपसे अनुरोध है कि कृपया स्वतन्त्रता दिवस आयोजन के उपरान्त समस्त कार्यक्रमों / गतिविधियों की संक्षिप्त आख्या (फोटोग्राफ सहित) प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित करने की कृपा करें जिससे समग्र आख्या समयान्तर्गत भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नयी दिल्ली को प्रेषित की जा सके।

भवदीय

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
12-7-2024
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

प्रतिलिपि :-

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र०।
2. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र०।
3. समस्त जिलाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र०।
4. प्रादेशिक संगठन / प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र०।
5. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त(स्काउट/गाइड),भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र० को इस निर्देश के साथ कि अपने मण्डल स्थित जनपदों में दिनांक 15 अगस्त 2024 को उपरोक्तानुसार गतिविधियाँ / कार्यक्रम सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें।
6. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक / जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ०प्र०।
7. समस्त जिला मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र०।
8. समस्त जिला संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र०।

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

प्रतिलिपि: निदेशक, भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, भारत स्काउट और गाइड, नयी दिल्ली।

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०